भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2653
गुरुवार, दिनांक 22 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>ग्रीन हाइड्रोजन</u>

2653. श्री डे.के. सुरेशः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या सरकार देश को ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन और निर्यात का केन्द्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए कोई कार्यक्रम तैयार किया है;

(घ) यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने उक्त लक्ष्य को पूरा करने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की है; और

(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (घ): 15 अगस्त, 2021 को स्वतंत्रता दिवस भाषण में माननीय प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन शुरू करने की घोषणा की और ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन तथा निर्यात के लिए भारत को वैश्विक हब बनाने के लक्ष्य के बारे में कहा। तदनुसार नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने एक प्रारूप मिशन दस्तावेज तैयार किया है, जिसमें अन्य के साथ-साथ ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन तथा उसकी स्थापना, स्वदेशी निर्माण, अनुसंधान तथा विकास, पायलेट परियोजनाओं और समर्थकारी नीतियों एवं विनियमों को सहायता देने के लिए एक ढांचा तैयार करना प्रस्तावित है।

(ङ) और (च): अभी तक कोई विशिष्ट निधि का आवंटन नहीं किया गया था।

*****